# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–21.03.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

- **विधानसभा में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 47 अरब 10 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान मांग ध्वनिमत से पारित, मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा–जमीन की खरीद–बिक्री के लिए एलपीसी अनिवार्य नहीं।**
- **बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को भारी नुकसान, रांची समेत अधिकांश जिलों में रुक–रुक कर हो रही बारिश से पारा गिरा, 23 तक ऐसा ही रहेगा मौसम। और**
- **मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गैर संचारी बीमारियों से बचाव के लिए जीवन शैली में बदलाव और खानपान में मिलेट्स के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने पर दिया जोर।**
- **बेहतर इलाज के लिए विशेष विमान से दिल्ली भेजे गए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, 19 मार्च को अचानक बिगड़ी थी तबीयत।**
- **झारखंड अस्मिता महिला हॉकी लीग के जूनियर वर्ग में सिमडेगा, खूंटी, हजारीबाग और पलामू की टीम सेमीफाइनल में, जबकि सब जूनियर वर्ग में सिमडेगा, खूंटी, पलामू और रांची की टीम पहुंची सेमिफाइनल में।**

*******************

विधानसभा के बजट सत्र के 15वें दिन आज सदन ने भोजनावकाश के बाद पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की 47 अरब 10 करोड़ रुपए से अधिक की अनुदान मांग को ध्वनिमत पारित कर दिया। इससे पहले प्रश्नकाल के दौरान भू–राजस्व मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा कि अब जमीन की खरीद–बिक्री के लिए भू–स्वामित्व प्रमाण पत्र, एलपीसी अनिवार्य नहीं होगा। श्री बिरूआ विधायक प्रदीप प्रसाद के एक सवाल का जवाब दे रहे थे।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में पिछले चौबीस घंटे से रूक–रूककर हो बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से जनजीवन प्रभावित हुआ है। बारिश से तापमान में दो–तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आयी है। इस बीच मौसम विभाग ने राज्य के सभी जिलों में 23 मार्च तक तेज हवा के साथ बारिश होने और कहीं–कहीं ओलावृष्टि और वज्रपात का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। बैमौसम बारिश से रांची, हजारीबाग, खूंटी और लोहरदगा समेत अन्य जिलों में फसलों को भारी नुकसान हुआ है।

*******************

रांची के सिरम टोली फ्लाईओवर को लेकर सरना समिति ने कल बंद और चक्का जाम का आहवान किया है। इसे लेकर जिला प्रषासन द्वारा सख्त चेतावनी जारी की गई है। जिला प्रशासन ने कहा है कि बंद के दौरान किसी तरह की गैर कानूनी गतिविधि, उपद्रव, तोड़फोड़ या बल प्रयोग करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रशासन को गुप्त सूचना मिली है कि बंद के दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा उपद्रव और तोड़फोड़ की घटना को अंजाम दिया जा सकता है। इसे ध्यान में रखकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गैर संचारी बीमारियों से बचाव के लिए जीवन शैली में बदलाव और खानपान में मिलेट्स के ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने पर जोर दिया है। श्री सोरेन आज विधानसभा अध्यक्ष डॉ रबीन्द्र

नाथ महतो की अध्यक्षता में विधानसभा में यूनिसेफ की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीमारियों की पहचान और उसके समुचित इलाज के लिए पूरे राज्य का हेल्थ रिपोर्ट कार्ड बनाने की जरूरत है।

*******************

राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर को बेहतर इलाज के लिए आज विशेष विमान से दिल्ली ले जाया गया। रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनसे मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व अचानक वित्त मंत्री की तबीयत बिगड़ गयी थी, जिसके बाद रांची के एक निजी अस्पताल में उन्हें भर्ती कराया गया था।

*******************

मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना का लाभ नहीं मिलने से राज्य के विभिन्न जिलों की महिलायें परेशान हैं। गुमला जिले में मंईया सम्मान योजना की राशि नहीं मिलने से लाभुक काफी परेशान हैं। योजना के लाभ से वंचित महिलाओं में सरकार के प्रति आक्रोश है।

उधर गिरिडीह जिले में मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए हेल्प डेस्क बनाया गया है। जिले के उपायुक्त नमन प्रेयस लकड़ा ने बताया कि इस योजना के लाभुकों के खातों को आधार बेस्ड किया जा रहा है, ताकि किसी भी गड़बड़ी से बचा जा सके।

इधर रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने मुख्यमंत्री मंईयां योजना के लाभुकों से आग्रह किया है कि वे अपना भौतिक सत्यापन अवश्य करायें। उपायुक्त ने कहा है कि भौतिक सत्यापन प्रपत्र निःशुल्क है, जो आंगनवाड़ी सेविका से संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने सत्यापन के लिए किसी भी स्तर पर पैसों की मांग किये जाने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी है।

*******************

कोडरमा जिले के कई इलाकों में इन दिनों 25 से 30 की संख्या में आये जंगली हाथियों की मौजूदगी से लोगों में दहशत है।

*******************

लोहरदगा जिले के सेन्हा थानाक्षेत्र से पुलिस ने हथियार के साथ पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस उपाधीक्षक समीर तिर्की ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक अवैध देशी कट्टा और लूट का सामान बरामद किया गया है।

*******************

रांची में खेली जा रही झारखंड अस्मिता महिला हॉकी लीग के जूनियर और सब जूनियर दोनो वर्गो में सिमडेगा, खूंटी और पलामू की टीम सेमीफाइनल में प्रवेश कर गयी है, जबकि हजारीबाग जूनियर में और रांची की टीम सब जूनियर के सेमीफाइनल में स्थान बना लिया है। आज खेले गये जूनियर वर्ग के क्वार्टर फाइनल में हजारीबाग ने पश्चिमी सिंहभूम को, सिमडेगा ने रांची को, खूंटी ने गुमला को और पलामू ने बोकारो को पराजित कर सेमिफाइनल में जगह बनायी। वहीं जूनियर वर्ग में सिमडेगा, खूंटी, रांची और पलामू की टीम ने अपने–अपने मैच जीत कर सेमिफाइनल में प्रवेश किया। दोनों वर्गों का सेमीफानइल मैच 23 मार्च को खेले जायेंगे।

***********************

भारतीय एथलेटिक संघ और रिलायंस फाउंडेशन की ओर से मुंबई में आज संपन्न चौथी इंडियन ओपन जेवलिन थ्रो अंडर–18 वर्ग में जामताड़ा की सविता मुर्मू ने 4–7 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक हासिल किया। वहीं साहेबगंज के विवेक यादव अंडर–18 बालक वर्ग के जेवलिन थ्रो में चौथे स्थान पर रहे।

*********समाप्त**********